मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारत के अग्रणी डिजिटिल न्यूज नेटवर्क ‘हैशटैग यू’ के छत्तीसगढ़ संस्करण का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

4 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दक्षिण भारत के अग्रणी डिजिटिल न्यूज नेटवर्क ‘हैशटैग यू’ का छत्तीसगढ़ संस्करण लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि ‘हैशटैग यू छत्तीसगढ़’ हिन्दी में होगा और इसमें छत्तीसगढ़ से संबंधित महत्त्वपूर्ण समाचार और रिपोर्ट प्रकाशित किये जाएंगे।
- ‘हैशटैग यू’ के सीईओ दिनेश अकुला ने बताया कि ‘हैशटैग यू’ को एक साल पहले तेलुगु में लॉन्च किया गया था। यह तेलुगु मीडिया में अग्रणी वेबसाइट और यू ट्यूब चैनल में से एक है। यह नेटवर्क निकट भविष्य में मनोरंजन वेबसाइट के अलावा 6 अन्य भाषाओं में लॉन्च किया जा रहा है।
- उन्होंने बताया कि इस डिजिटिल नेटवर्क द्वारा गहन विश्लेषण और बारीकियों के साथ समाचारों को कवर किया जाता है साथ ही पाठकों तक त्वरित गति से समाचारों के संप्रेषण का प्रयास किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-launches-chhattisgarh-edition-of-south-india-s-leading-digital-news-network-hashtag-you